भारत और जापान को एक साथ खेलते देखना ही शानदार था, लेकिन दर्शकों को क्रिकेट समझने में मदद करने के लिए इस तरह की जानकारी देना उन्हें सबसे ज्यादा अच्छा लगा।

– सचिन तेंदुलकर

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, जापान में खेली जा रही क्रिकेट को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



वंश बेदी

दिल्ली के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज वंश बेदी ने भारतीय क्रिकेट से जुड़े कथित मैच फिक्सिंग विवाद में अपना नाम सामने आने के बाद सफाई दी है। वंश बेदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि उनका नाम पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर रचित भाटिया के कथित स्टिंग अभियान में बताए गए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी से जोड़ना पूरी तरह गलत है। उन्होंने इस तरह के दावों को झूठा और मानहानि करने वाला बताया है। वंश बेदी ने अपने बयान में साफ कहा है कि वह उस खिलाड़ी नहीं हैं, जिसका कथित तौर पर रचित भाटिया ने जिक्र किया था।

क्या आप जानते हैं ?... तीन बार की ओलंपियन पीटी उषा ने सियोल 1986 खेलों में चार स्पर्धाओं (200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर हर्डल रेस और 4 गुणा 400 मीटर रिले) में एशियन गेम्स रिकॉर्ड को तोड़ा।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 20-1 से रौंदा, दीपिका ने दागे नौ गोल

// एशियाई खेल //

आइची-नगोया (जापान), 23 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को पूल बी के मुकाबले में थाईलैंड को 20-1 से रौंद दिया। गिफू प्रीफेक्चरल ग्रीन स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ भारत ने लगातार तीसरे मुकाबले में दोहरे अंक में गोल किए। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल बी की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। अब भारत का सामना शुक्रवार को जापान से होगा।

भारत ने इससे पहले उज्बेकिस्तान को 19-0 और इंडोनेशिया को 17-1 से हराया था। थाईलैंड के खिलाफ भारत की ओर से दीपिका ने नौ गोल किए, जबकि नवनीत कौर ने चार और रुतुजा पिसाल ने तीन गोल दागे। नेहा, लालरेमसियामी, साक्षी राणा और कप्तान सलीमा टेटे ने भी एक-एक गोल किया। दीपिका ने अपने सभी नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किए। वह एशियाई खेलों में एक ही मुकाबले में नौ गोल करने वाली पहली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी बन गईं। तीन मुकाबलों में दीपिका अब तक भारत के लिए 20 गोल कर चुकी हैं। भारत ने मुकाबले की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और थाईलैंड की रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पेनल्टी कॉर्नर का भी प्रभावी इस्तेमाल किया और मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। थाईलैंड को मैच के चौथे क्वार्टर में आखिरकार एक गोल मिला। सुपांसा सामांसो के पेनल्टी कॉर्नर पर लगाए गए ड्रैग-फ्लिक में मामूली डिफ्लेक्शन हुआ और गेंद भारतीय गोल में चली गई। भारत ने हांगझोउ में 2023 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। भारतीय महिला टीम अब 1982 के बाद एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के उद्घाटन महिला हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने स्वर्ण पदक जीता था।

लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद शतक की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया

राजकोट, 23 सितंबर। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की नाबाद 110 रन की शानदार पारी की बदौलत भारत अंडर-19 ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। निरंजन शाह स्टेडियम में लक्ष्य ने 106 गेंदों पर नाबाद 110 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे मुकाबले में जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते हुए भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले दो मैचों में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाने वाले लक्ष्य ने इस बार शानदार शतक लगाया। 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की। लक्ष्य ने आर्यवीर सहवाग के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने तीसरे विकेट के लिए कुशाग्र ओझा के साथ 85 रन की साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। आर्यवीर ने पांच चौके लगाए और अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन जैकब पीट्ज की गेंद पर शॉट लगाने के प्रयास में गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके।

आईपीएल 2027 का ऑक्शन गोवा में होगा : सैकिया

नई दिल्ली, 23 सितंबर। आईपीएल 2027 का ऑक्शन गोवा में होगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिसंबर में मिनी ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। पिछले तीनों ऑक्शन भारत से बाहर हुए थे। 2024 में दुबई, 2025 में सऊदी अरब के जेद्दा और 2026 में अबूधाबी में नीलामी कराई गई थी। ऑक्शन की तारीख और वेन्यू अभी तय नहीं हुआ है। वेन्यू चुनते समय बीसीसीआई फ्रेंचाइजियों और उनके डेलिगेशन के ठहरने की व्यवस्था को सबसे ज्यादा महत्व देगा। अक्टूबर से दिसंबर तक भारत में वेडिंग सीजन होने के कारण 5-स्टार होटल में पर्याप्त कमरे मिलना भी एक बड़ा फैक्टर रहेगा। बीसीसीआई को ऑक्शन के लिए दो रातों के लिए 100 से ज्यादा कमरों की जरूरत होती है।

टीम आरपीसी ने 10-4 के स्कोर से नाहरगढ़ को हराया

जयपुर, 23 सितंबर। सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आउट ऑफ हैट कैटेगरी में जयपुर जूनियर ओपन अंडर-21 टूर्नामेंट का मैच खेला गया। यह मुकाबला 61 कैवेलरी ग्राउंड पर टीम नाहरगढ़ और टीम आरपीसी के बीच हुआ। टीम आरपीसी ने 10-4 के स्कोर से टीम नाहरगढ़ को शिकस्त दी। विजेता टीम आरपीसी से दिव्यमान सिंह ने 5 गोल और लक्षयराज सिंह ने 3 गोल हासिल किए। वहीं, रुक्मणी कुमारी और हर्षोदय सिंह ने 1-1 गोल किया। दूसरी ओर, टीम नाहरगढ़ से अमान सिंह वारिंग ने 3 गोल और ग्रंथ रोहिल्ला ने 1 गोल किया। टीम में ऋषिराज सिंह और यशोवर्धन सिंह भी शामिल रहे।

हल्दीघाटी और जयपुर का मैच आज - वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न के तहत आर्मी सीडीआर'एस कप (6 गोल्स) का मुकाबला आज राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर फ्लडलाइट्स में रात 7 बजे से खेला जाएगा।

बॉल बैडमिंटन की पुरुष एवं महिला टीमों की घोषणा

जयपुर, 23 सितम्बर। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव श्री शौकत अली मंसूरी के अनुसार, राजस्थान की पुरुष एवं महिला बॉल बैडमिंटन टीमें 72वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 से 28 सितम्बर 2026 तक श्रीकालहस्ती, तिरुपति, आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी।

उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान की पुरुष एवं महिला टीमों का चयन 24 से 26 अगस्त 2026 तक मालपुरा, टोंक में आयोजित 9वीं सीनियर राज्य बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

बैटमिंटन में भारत को मिला कांस्य! लक्ष्य और आयुष रहे फ्लॉप

नई दिल्ली, 23 सितंबर। एशियन गेम्स की पुरुष बैडमिंटन स्पर्धा में भारतीय टीम की स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के हाथों 1-3 से मिली हार के बाद भारत को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी जैसे शीर्ष सिंगल्स खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारत खिताबी रेस से बाहर हो गया। हालांकि, इस हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम ने लगातार दूसरे एशियाई खेलों में पदक हासिल करने की उपलब्धि अपने नाम की। इससे पहले मंगलवार को भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर-फाइनल में मेजबान जापान को 3-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

राजस्थान के चेतन शर्मा व गणेश सुथार का शेष भारत अंडर-23 टीम में चयन

जयपुर, 23 सितम्बर। बीसीसीआई आल इंडिया जूनियर चयन कमेटी ने राजस्थान के युवा खिलाडी चेतन शर्मा व गणेश सुथार का चयन शेष भारत अंडर 23 टीम में किया है। शेष भारत अंडर 23 टीम व बीसीसीआई अंडर 23सी केनायडू ट्रॉफी 2025- 26 की विजेता तमिलनाडु का मैचआगामी 1-4 अक्टूबर 2026 को एम ए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेला जायेगा। राजस्थान रणजी संभावितों के चयन हेतु प्रैक्टिस मैच 26 सितम्बर से जयपुर में खेले जायेंगे राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ के संचालन के लिए नियुक्त प्रशासक वरिष्ठ आईएएस भास्कर ए सावंत (अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग) के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान रणजी टीम के संभावितों के चयन हेतु आगामी 26 सितम्बर से सीनियर प्रैक्टिस मैचों का आयोजन जयपुर में किया जायेगा। प्रैक्टिस मैचों हेतु राजस्थान सीनियर चयन कमेटी द्वारा टीम ए , टीम बी , टीम सी व टीम डी के लिए चयनित खिलाड़ियोंकी सूचीव मैचों का शेड्यूलसाथ में संलग्न है।

राजस्थान अंडर 19 टीम के संभावितों के चयन हेतु प्रैक्टिस मैच 26 सितम्बर से जयपुर में खेले जायेंगे - राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की अंडर 19 वीनू मांकड़ एक दिवसीय ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर 19 टीम के संभावितों के चयन हेतु आगामी 26 सितम्बर से प्रैक्टिस मैचों का आयोजन जयपुर में किया जायेगा। प्रैक्टिस मैचों हेतु राजस्थान जूनियर चयन कमेटी द्वारा टीम ए , टीम बी , टीम सी व टीम डी के लिए चयनित खिलाडियों की सूचिव मैचों का शेडूलसाथ में संलग्न है ।

चीन से सेमीफाइनल में हारी भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम

आइची-नगोया, 23 सितंबर। भारत ने 2026 एशियाई खेलों में पुरुष टीम बैडमिंटन स्पर्धा का अभियान कांस्य पदक के साथ समाप्त किया। भारतीय टीम को बुधवार को इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में सेमीफाइनल में चीन के हाथों 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह एशियाई खेलों के इतिहास में भारत का बैडमिंटन में दूसरा पदक है। इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने हांगझोउ 2023 में पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता था। आइची-नागोया में भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में जापान को हराकर पहली बार पुरुष टीम स्पर्धा में एशियाई खेलों का पदक पक्का किया था। हालांकि, सेमीफाइनल में मजबूत चीनी टीम के खिलाफ भारतीय चुनौती आगे नहीं बढ़ सकी। पहले मुकाबले में भारत के स्टार एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन का सामना पूर्व विश्व चैंपियन शी यूकी से हुआ। लंबे और थकाऊ मुकाबले में लक्ष्य को 16-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा और चीन ने बढ़त बना ली। इसके बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भारत की वापसी कराई। भारतीय जोड़ी ने परिचित प्रतिद्वंद्वी लियांग वेइकेंग और वांग चांग को सीधे गेम में 21-11, 22-20 से हराकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया।

नामांकन के पहले ही दिन आरसीए के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया

आरसीए चुनाव : पहली बार महिला ने भरा नामांकन, शोभना ने कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए दाखिल किया पर्चा

जयपुर, 23 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के पहले ही दिन आरसीए के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। दौसा जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्ष शोभना गुर्जर ने कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। आरसीए के चुनावी इतिहास में पहली बार किसी महिला ने किसी पद के लिए नामांकन किया है।

नामांकन दाखिल करने के बाद शोभना गुर्जर ने कहा कि अब महिलाएं क्रिकेट के क्षेत्र में लगातार आगे आ रही हैं। महिलाएं खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं और क्रिकेट से जुड़े दूसरे क्षेत्रों में भी उनकी भागीदारी बढ़ रही है। ऐसे में क्रिकेट के संचालन और प्रशासन में भी महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं है। खेल के आयोजन, प्रशासन, खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने और क्रिकेट को आगे बढ़ाने में भी महिलाओं की भूमिका होनी चाहिए। उनका प्रयास रहेगा कि महिलाओं और युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर मिले।

प्रधान और शूटर भी

शोभना गुर्जर इससे पहले दौसा में पंचायत समिति प्रधान रह चुकी हैं और स्कूल स्टेट चैंपियनशिप में शूटिंग में पदक भी जीता है। शोभना गुर्जर के नामांकन को आरसीए में महिला भागीदारी के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। अब तक आरसीए के चुनाव और प्रशासन में पुरुष पदाधिकारियों का दबदबा रहा है। ऐसे में पहली बार किसी महिला का नामांकन हुआ है। 29 सितंबर को होने वाले मतदान से पहले राजनीतिक परिवारों से जुड़े दावेदारों के नाम चर्चा के केंद्र में हैं।

चुनाव में सात नेतापुत्र भी मैदान में

चुनाव में सात नेतापुत्र भी अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं, जिसमें विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव, घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी, मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय खींवसर, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह, मंत्री मदन दिलावर के बेटे पवन दिलावर, महेंद्रजीत मालवीय के बेटे प्रेम प्रताप मालवीय, मंत्री ओटाराम देवासी के बेटे विक्रम देवासी शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा और कांग्रेस के विधायकों के नाम भी शामिल हैं। भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी और दर्शन सिंह गुर्जर के साथ कांग्रेस के विधायक रतन देवासी और रोहित बोहरा भी जिला संघों के सदस्य हैं। इसके अलावा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और राजस्व मंत्री हेमंत मीणा भी इसमें शामिल हैं।

आरसीए में 26 तक नामांकन

अब आरसीए में आज से 26 सितंबर तक नामांकन होंगे। 27 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच और 28 सितंबर को नाम वापसी होगी। इसी दिन शाम 6 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। 29 सितंबर को जयपुर स्थित आरसीए अकादमी में सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। 22 सितंबर को शाम 5 बजे अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है।

अध्यक्ष तय हुआ तो बाकी पांच पदों का समीकरण भी साफ होगा

आरसीए चुनाव में सबसे बड़ा सवाल अध्यक्ष पद को लेकर है। अगर किसी एक दावेदार के नाम पर सहमति बनती है तो उसके बाद दूसरे प्रमुख दावेदार को सचिव, कोषाध्यक्ष या उपाध्यक्ष पद पर एडजस्ट करने का फॉर्मूला सामने आ सकता है। इसी तरह अगर सचिव पद के लिए किसी एक नाम पर सहमति बनती है, तो दूसरे दावेदार को कोषाध्यक्ष या उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने की कोशिश हो सकती है। यानी आरसीए में छह पदों का चुनाव अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे से जुड़े समीकरणों के साथ लड़ा जा रहा है। नामांकन शुरू होने के साथ अब यह लॉबिंग और तेज होने की संभावना है। आने वाले दिनों में उम्मीदवारों के नामांकन, नाम वापसी और जिला संघों के वोटों के समीकरण से तस्वीर और साफ होगी।

संयुक्त सचिव के लिए भी कई नाम

संयुक्त सचिव पद के लिए गोविंद स्वरूप उपाध्याय, धर्मवीर सिंह शेखावत, सुशील जैन और मनोज चौधरी के नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में सामने आए हैं। इस पद को लेकर भी जिला संघों के पदाधिकारियों से संपर्क का दौर शुरू हो चुका है। इसके अलावा मनोज शर्मा, मुकेश शाह और अभिषेक शर्मा के नाम भी अन्य प्रमुख पदों की दावेदारी में चर्चा में हैं। अगर अध्यक्ष, सचिव या कोषाध्यक्ष पद पर किसी बड़े राजनीतिक परिवार से जुड़े दावेदार को जगह मिलती है तो बाकी दावेदारों को दूसरे पदों पर समायोजित करने की संभावना चुनावी समीकरणों का अहम हिस्सा बन सकती है। 29 सितंबर को 38 वोटर फैसला करेंगे कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की नई सरकार किसकी होगी।

// एशियाई खेल //

मीराबाई चानू ने जीता एशियाई खेलों का अपना पहला पदक, 49 किग्रा वर्ग में हासिल किया रजत

आइची-नगोया, 23 सितंबर। ओलंपिक पदक विजेता और तीन बार की राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीत लिया। उन्होंने आइची-नगोया एशियाई खेलों की महिला 49 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। चानू ने प्रतियोगिता में कुल 198 किग्रा वजन उठाया। स्नैच वर्ग में उन्होंने अपने तीनों प्रयास सफलतापूर्वक पूरे किए और क्रमशः 83, 85 और 87 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में चानू ने 107 किग्रा के सफल प्रयास के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 111 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाया। इस तरह उनका कुल स्कोर 198 किग्रा रहा। उत्तर कोरिया की री सोंग गुम ने 215 किग्रा के कुल वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता। मीराबाई चानू को 198 किग्रा के साथ रजत पदक मिला, जबकि विजायना ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने बांग्लादेश को 48-25 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

भारत ने 2026 एशियाई खेलों में पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम ने बुधवार को ग्रुप ए के मुकाबले में बांग्लादेश को 48-25 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। तोकाई सिटिजंस जिम्नेजियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम ने पहले हाफ में बांग्लादेश के डिफेंस और रेडिंग को लगातार चुनौती दी और 18 आउट अंक तथा सात बोनस अंक हासिल किए। भारत ने इस दौरान दो बार ऑलआउट भी किया और चार अतिरिक्त अंक अपने खाते में जोड़े। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप ए में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इससे पहले भारतीय टीम ने मेजबान जापान और दक्षिण कोरिया को हराया था। लगातार तीन जीत के बाद भारत ने पुरुष कबड्डी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत अब अपने अंतिम ग्रुप चरण के मुकाबले में 24 सितंबर को सुबह 9:45 बजे चीनी ताइपे का सामना करेगा। भारतीय टीम एशियाई खेलों में पुरुष कबड्डी का अपना नौवां स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

जय मीना ने जीता कांस्य, सॉफ्ट टेनिस में भारत को पहला पदक दिलाकर रचा इतिहास

जय मीना ने 2026 एशियाई खेलों में पुरुष एकल सॉफ्ट टेनिस में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। जय मीना का ऐतिहासिक अभियान सेमीफाइनल में जापान के ताकुया कुरोसाका से 3-5, 1-4, 1-4, 4-1, 6-4, 1-4 से हार के साथ समाप्त हुआ। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही उनका कांस्य पदक पहले ही पक्का हो गया था। मीना ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के शेरविन नुगुइट को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराया था। उन्होंने यह मुकाबला 0-4, 4-2, 2-4, 4-2, 5-3, 2-4, 7-5 के गेम स्कोर से जीता था। इस जीत के साथ उन्होंने एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया था। यह कांस्य पदक अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस में मीना के लगातार उभरते प्रदर्शन को दर्शाता है। उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा प्रदर्शन 2024 विश्व सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में आया, जहां उन्होंने आध्या तिवारी के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता था। यह विश्व सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक था।

मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने बुधवार को एशियाई खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली। मनु ने क्वालीफिकेशन में 579 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने क्वालीफिकेशन में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और शीर्ष तीन में रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत की ईशा सिंह 572 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। वहीं, सुरुचि सिंह ने 568 अंक के साथ 26वां स्थान हासिल किया। भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में वियतनाम से पदक के लिए कड़े मुकाबले में हार मिली।

सतनाम-सलमान और बलराज पंवार रोइंग के फाइनल में पहुंचे

भारतीय रोइंग खिलाड़ियों सतनाम सिंह, सलमान खान और बलराज पंवार ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपने-अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली। सतनाम सिंह और सलमान खान ने पुरुष डबल स्कल्स स्पर्धा के फाइनल ए में प्रवेश किया। दोनों ने अपनी हीट में 6 मिनट 15.63 सेकंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों हीट के संयुक्त परिणाम में वे चौथे स्थान पर रहे। डबल स्कल्स का फाइनल गुरुवार को होगा। पुरुष सिंगल स्कल्स स्पर्धा में बलराज पंवार ने भी फाइनल ए में जगह बनाई। उन्होंने अपनी हीट में 6 मिनट 52.84 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। दोनों हीट के संयुक्त परिणाम में बलराज चौथे स्थान पर रहे और अब उनके पास पदक जीतने का मौका होगा।

टेबल टेनिस : मानुष-दीया और हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्धा के तीसरे दौर में

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह-दीया चितले और हरमीत देसाई-यशस्विनी घोरपड़े ने बुधवार को एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले चरण में जगह बनाई। मानुष और दीया ने श्रीलंका के चानुल कुलप्पुवावडु और बिमांडी स्वर्णा को 3-0 से हराया। भारतीय जोड़ी ने मुकाबला 11-8, 12-10, 11-4 से अपने नाम किया। वहीं, हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने मालदीव के मोहम्मद इस्माइल और फातिमाथ अली को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला स्कीट टीम ने जीता कांस्य, भारत को दिलाया आठवां पदक

माहेश्वरी चौहान, परिनाज धालीवाल और राइजा ढिल्लों की भारतीय महिला स्कीट टीम ने बुधवार को एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर भारत को आठवां पदक दिलाया। तीनों निशानेबाजों ने तीन दिनों तक चले क्वालीफिकेशन मुकाबलों के बाद कुल 331 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन ने 357 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान की टीम 336 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही और उसे रजत पदक मिला। भारत का यह एशियाई खेलों में आठवां पदक है। वहीं, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है। मनु ने क्वालीफिकेशन में 579 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ईरान को 37-23 से हराया, सेमीफाइनल के करीब पहुंची

गत चैंपियन भारतीय महिला कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान को जारी रखते हुए बुधवार को ग्रुप ए के मुकाबले में ईरान को 37-23 से हराया। टोकेई सिटीजन्स जिम्नेजियम में मिली इस जीत के साथ भारत सेमीफाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। भारत के 37 अंकों में सात बोनस अंक और चार ऑल-आउट अंक शामिल रहे। ईरान ने पूरे मुकाबले में छह बोनस अंक हासिल किए। भारत के डिफेंस ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया और दूसरे हाफ में एक सुपर टैकल अंक हासिल किया। भारत अब ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में 24 सितंबर को शाम 4:15 बजे जापान का सामना करेगा। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम की सेमीफाइनल में जगह की स्थिति तय होगी।

पुरुष स्कीट टीम ने जीता कांस्य, अनंतजीत नरूका व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचे

भारतीय निशानेबाजों अनंतजीत सिंह नरूका, मेराज अहमद खान और भवतेघ सिंह गिल की पुरुष स्कीट टीम ने बुधवार को एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत लिया। भारतीय टीम ने 346 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कजाकिस्तान के साथ समान अंक रहने के बाद शूट-ऑफ में जीत दर्ज कर भारत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अनंतजीत सिंह नरूका ने पुरुष स्कीट की व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में भी जगह बना ली है। उन्होंने क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन किया और अब वह दोपहर 12:30 बजे भारतीय समयानुसार होने वाले फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।

अंकुश पंघाल 80 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

भारतीय मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने बुधवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने राउंड ऑफ 32 मुकाबले में बहरीन के हमसा वोगेल को सर्वसम्मत 5-0 के फैसले से हराया। 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों में पहुंचे अंकुश ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। पहले दौर में उन्होंने सतर्क शुरुआत के बाद लय हासिल की और प्रभावी पंच लगाकर बढ़त बनाई। सभी पांचों जजों ने यह राउंड अंकुश के पक्ष में दिया। दूसरे दौर में वोगेल ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन अंकुश ने दमदार पंचों के संयोजन के साथ जवाब दिया और मुकाबले पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। सभी पांचों जजों ने एक बार फिर अंकुश को 5-0 से विजेता माना।